तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

08 नगर पालिका कोंडागांव में डोर-टू-डोर कर वसूली...


08 प्रभारी मंत्री देवांगन ने ली जिले के सभी विभागों ...




## खबर संक्षेप

### जी राम जी अभियान की कमान संभालेंगे नरसिंह



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने विकसित भारत जी राम जी जनजागरुकता अभियान को मजबूती देने के लिए संगठनात्मक स्तर पर जिम्मेदारी तय की है। जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव को इस अभियान का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। जिलेभर में प्रभावी रूप से संचालित करने एक संयोजक और तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इसमें परीसराम बेसरा, रैतूराम कश्यप एवं रामकुमारी यादव को सदस्य बनाया गया है। नरसिंह राव ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली का मूल मंत्र है, जनता के प्रति जवाबदेही और व्यवस्था में पारदर्शिता। डबल इंजन सरकार का संकल्प स्पष्ट है कि विकास की हर योजना भ्रष्टाचार से परे रहे ताकि लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनता का पैसा जनता के काम में लगे इसके लिए सरकार पारदर्शी व्यवस्था, सख्त निगरानी और ईमानदार क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।

### नशा से होने वाले दुष्परिणाम की ग्रामीणों को दी जानकारी



**जगदलपुर।** जगतु माहरा विद्यालय के एनएसएस ईकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर छेपड़ागुड़ा में आज षष्ठम दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में प्राचार्य बीएस रामकुमार, एसएमडीसी अध्यक्ष राकेश तिवारी, सदस्य अखिलेश शुक्ला, मनीष सखलेचा एवं शैलेन्द्र उपस्थित हुए। जिन्होंने सामाजिक उत्थान में एनएसएस का महत्व बताते हुए नशा मुक्त भारत विषय पर अपना व्याख्यान दिए। साथ ही स्वयं,परिवार तथा समाज को इससे होने वाले दुष्परिणाम को बताया एवं हर प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी गई।

### प्रधानपाठक पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करें



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव के निदेशानुसार जिला अध्यक्ष लुदरसन कश्यप के नेतृत्व में संयुक्त संचालक शिक्षा से भेंट कर शिक्षक एवं सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की गई। इस दौरान संगठन ने वरिष्ठता सूची तत्काल प्रसारित कर ओपन काउंसलिंग के माध्यम से पदोन्नति संपन्न कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन पदाधिकारियों ने संयुक्त संचालक कार्यालय में पदोन्नति से वंचित शिक्षक संवर्ग को अविलंब लाभ दिए जाने की मांग रखते हुए कहा कि वर्षों से लंबित प्रक्रिया के कारण शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने आग्रह किया कि पारदर्शी व्यवस्था के तहत ओपन काउंसलिंग के माध्यम से पदोन्नति की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रांतियों और विवादों की स्थिति न बने। संयुक्त संचालक ने आश्वस्त किया कि विभागीय तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं और जल्द ही संबंधित संवर्ग के शिक्षकों को पदोन्नति के माध्यम से पदस्थापना दी जाएगी। इस दौरान जिला सचिव मोहम्मद ताहिर शेख, जिला कोषाध्यक्ष अमित पाल, जिला संगठन मंत्री ओमप्रकाश पटेल, मनीष ठाकुर, सलीम शाह एवं श्रीमती जुलेखा शाह उपस्थित रहे।

# लोक संस्कृति के महापर्व में मांदर की थाप पर जमकर थिरके कलाकार

## बस्तर और बकावंड में ब्लॉक स्तरीय बस्तर पंडुम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की समृद्ध जनजातीय परंपरा और लोक संस्कृति को सहेजने की दिशा में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ते हुए बस्तर पंडुम 2026 का उत्साह अब पूरे शबाब पर है। इसी कड़ी में गुरुवार को विकासखंड मुख्यालय बस्तर और बकावंड में ब्लॉक स्तरीय बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ, जहां मांदर की थाप और लोकगीतों की गूंज ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। बस्तर में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप और सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर न केवल कलाकारों की हौसला अफजाई की, बल्कि बस्तर की माटी से जुड़ी कला को मंच प्रदान करने की इस पहल को सराहा। इसी तरह बकावंड में आयोजित कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। बस्तर पंडुम आयोजन के दौरान विकासखंड के विभिन्न अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। यह आयोजन महज एक प्रतियोगिता तक सीमित न रहकर बस्तर की 12 विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं के संरक्षण का माध्यम बना। कलाकारों ने जनजातीय नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वाद्ययंत्रों के वादन से लेकर बस्तर के स्वादिष्ट व्यंजनों, वन औषधियों और हस्तशिल्प का ▶▶| शेष पेज 8 पर

### छिपी प्रतिभा को निखारने बस्तर पंडुम बनी एक क्रांतिकारी पहल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद महेश कश्यप ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर के कण-कण में कला बसती है। गांव-गांव में छिपी इस प्रतिभा को निखारने के लिए बस्तर पंडुम एक क्रांतिकारी पहल है। आज यहाँ 12 विधाओं में जो प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, वह यह साबित करता है कि हमारी लोक कला आज भी उतनी ही जीवंत है। यह मंच हमारे ग्रामीण कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की पहली सीढ़ी है। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी-कर्मचारी और बडी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।





## अब भय नहीं बल्कि विश्वास, शिक्षा और नई उम्मीदों का गढ़ बन रहा माड़

# हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति के लिए पसीना बहा रहे समर्पित नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2026 के संदेश के साथ दिखी अनूठी पहल

अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन के पांचवें वर्ष में समर्पित नक्सली भी भाग लेने के लिए जमकर पसीना बहा रहे है। इस वर्ष अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में एक प्रेरणादायी बदलाव देखने को मिलेगा। कभी जंगलों में हथियार लेकर शांति और उन्नति के खिलाफ काम करने वाले नक्सली पुनर्वास के बाद अब शांति, उन्नति और विकास के संदेश के साथ देश-विदेश के धावकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मैराथन में दौड़ते नजर आएंगे। इस हॉफ मैराथन में भाग लेने के लिए समर्पित नक्सली जमकर अभ्यास करते हुए पसीना बहा रहे है। रोजाना लगभग 5 किमी का दौड़ लगा रहे है। नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुरिया ने बताया कि 31 जनवरी को होने वाले अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में पुनर्वासित नक्सली भी भाग लेंगे जो अब हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर शांति, पुनर्वास और विकास के लिए पसीना बहा रहे हैं। यह आयोजन न केवल खेल भावना का ▶▶| शेष पेज 8 पर





### सामाजिक पुनर्निर्माण व विश्वास

बहाली का बन रहा सशक्त प्रतीक

इस बार होने वाले अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में पुनर्वासित नक्सली भी भाग लेंगे। अब वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर शांति, पुनर्वास और विकास के लिए पसीना बहा रहे हैं। यह आयोजन न केवल खेल भावना का उत्सव है बल्कि यह सामाजिक पुनर्निर्माण और विश्वास की बहाली का सशक्त प्रतीक भी है।

**सुंदरराज पट्टलिंगम,** आईजी, बस्तर

### रोज कर रहे हैं पीटी, योगा और 5 किमी दौड़ का अभ्यास

मैराथन में भाग लेने वाले 140 से अधिक पुनर्वासित माओवादी कभी हिंसा, हथियार और अशान्ति के पर्याय थे लेकिन अब शांति की दौड़ की तैयारी कर रहे है। अभ्यास के दौरान पुनर्वासित माओवादियों ने 5 किलोमीटर दौड़कर मैराथन का अभ्यास किया। दौड़ के साथ ही पीटी और योगा का भी अभ्यास कर रहे है। सभी प्रतिदिन लाइवलीहुड कॉलेज परिसर से 5 किलोमीटर दौड़कर मैराथन का अभ्यास कर पसीना बहा रहे है। पुनर्वासित नक्सली मैराथन तिथि की घोषणा के साथ ही अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2026 में भाग लेने के लिए लगातार पीटी, योग और दौड़ का अभ्यास कर रहे हैं। मैराथन मे भाग लेने पंजीयन कराने वाले पुनर्वासित माओवादियों की संख्या यह दर्शाती है कि परिवर्तन संभव है और संवाद, अवसर तथा सकारात्मक मंच मिलने पर समाज के हर वर्ग में नई शुरूआत की जा सकती है।

# मौसम की मार और धान कटाई में देर होने से किसान हलाकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने खोला मोर्चा

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री एवं सहकारिता मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की। अंतिम तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने, ऑनलाइन टोकन काटने की प्रक्रिया को 31 जनवरी तक पुनः प्रारंभ करने तथा किसान क्रेडिट कार्ड ऋणधारी किसानों के टोकन तत्काल जारी करने की मांग रखी। किसानों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बस्तर जिले के अनेक गांवों में अब भी बड़ी मात्रा में धान किसानों के पास पड़ा हुआ है, किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से छोटे एवं ▶▶| शेष पेज 8 पर

### तकनीकी खामियों के कारण टोकन नहीं कट पा रहा

किसान नेताओं ने प्रशासन से यह मांग की है कि जिन किसानों का केसीसी ऋण चालू है, उनके लिए विशेष प्रावधान करते हुए तत्काल ऑनलाइन टोकन जारी किए जाएं ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी धान की बिक्री कर सकें। किसानों ने यह भी बताया कि कई बार समिति स्तर और पोर्टल पर तकनीकी खामियों के कारण टोकन नहीं कट पा रहा है, जिससे किसानों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है।

# संभागस्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोण्डागांव जिला बना सिरमौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का ऑडिटोरियम गुरुवार को युवा संसद के सत्र और पक्ष-विपक्ष की तीखी बहसों का गवाह बना। यहां आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025-26 में बस्तर संभाग के सातों जिलों से आए प्रतिभागियों ने संसदीय कार्यप्रणाली का ऐसा जीवंत मंचन किया कि उपस्थित दर्शक और निर्णायक भी मंत्रमुग्ध हो गए। इस कड़े मुकाबले में कोण्डागांव जिले ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और संभाग में अपना ▶▶| शेष पेज 8 पर

# कुरंदी में निर्माणाधीन क्षेत्रीय अत्याधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे आरटीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- केन्द्र निर्माण से सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास

सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए बस्तर जिले के कुरंदी में 3.50 करोड़ रुपए की लागत से क्षेत्रीय अत्याधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसमें आधुनिक उपकरणों के माध्यम से नए वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे सड़क हादसों में कमी लाने की उम्मीद है। आरटीओ ने हॉल ही में इसका स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों का उद्देश्य आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से ड्राइवरों को प्रशिक्षित करना है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं ▶▶| शेष पेज 8 पर



### मार्च में पूरा होने की संभावना

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन विभाग के मुख्यालय से कुरंदी में क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र आरडीटीसी स्थापित किए जा रहे हैं। जिसका निर्माण कार्य मार्च माह में पूरा किए जाने की संभावना है।

# नुक्कड़ नाटक कर यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दलपत सागर परिसर में कुटुंब ह्यूमैनिटी वेलफेयर फाउंडेशन का आयोजन
- जनप्रतिनिधि अफसर रहे मौजूद

यातायात जागरुकता का संदेश देने अमले द्वारा प्रतिदिन विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में कुटुंब ह्यूमैनिटी वेलफेयर फाउंडेशन व यातायात अमले द्वारा दलपत सागर परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर मौजूद लोगों को होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए नियमों का पालन करने का आव्हान किया गया। यातायात सुरक्षा माह में एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में जिले भर में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।कुटुंब ह्यूमैनिटी वेलफेयर फाउंडेशन के टीम प्रभारी मनीषा देवांगन व टीम द्वारा सड़क सुरक्षा के मद्देनजर आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने दलपत सागर के आईलैंड में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के ▶▶| शेष पेज 8 पर



## अखंड पाठ, महाआरती और भंडारे के साथ हुआ समापन

# लक्ष्मीनारायण मंदिर में 108 बार गूंजा हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मकर संक्रांति के अवसर पर किया गया आयोजन

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में 108 बार हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। इस अनुष्ठान में विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव तथा महापौर संजय पांडे शामिल हुए। पूजा-अर्चना पंडित किशोर तिवारी एवं पंडित चंदन तिवारी द्वारा संपन्न कराई गई।

यह आयोजन गोवर्धन मठ पूरी पीठ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्लानंद सरस्वती की सेना आदित्य और आनंदवाहिनी तथा भूतेश्वर महादेव मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मातृशक्ति, युवक-युवतियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म, आस्था और अनुशासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की जानकारी आदित्यवाहिनी के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर एवं आनंदवाहिनी की जिलाध्यक्ष गीता शुक्ला ने दी।





### परिसर जयघोष,मंत्रोच्चार और भक्तिरस से सराबोर रहा

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे हुआ, जो शाम साढ़े चार बजे महाआरती और भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर जयघोष,मंत्रोच्चार और भक्तिरस से सराबोर रहा। भगवान लक्ष्मीनारायण, भगवान श्रीराम, माता सीता, भरत, शत्रुघ्न एवं रामभक्त हनुमान का विशेष श्रृंगार किया गया,जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### पंगत में बैठकर खिचड़ी प्रसाद किया ग्रहण

विधायक और महापौर ने श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। यह मंदिर बस्तर जिले में अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपराओं के लिए जाना जाता है, जहां सावन मास में प्रतिदिन भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाता है।

### हर वर्ष होता है विशेष पूजन

मंदिर प्रबंधन के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर यहां हर वर्ष विशेष पूजन और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके पश्चात भगवान को खीर, तिल के लड्डू और खिचड़ी का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्सव का वातावरण बना रहा।

# 22 क्विंटल धान के साथ पिकअप जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- एसडीएम की कार्रवाई अवैध धान परिवहन पर कसा शिकंजा

अनुविभागीय दंडाधिकारी मनीष वर्मा अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरत रहे है। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए अवैध धान परिवहन पकड़ा है। एसडीएम के निर्देश पर टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रेम सिंह पटेल 27 वर्ष को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 18 के 6586 के माध्यम से अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन में कुल 22 क्विंटल धान लोड था। जिसके संबंध में चालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज, अनुमति पत्र अथवा परिवहन संबंधी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। दस्तावेजों के अभाव में प्रशासन ने इसे अवैध परिवहन मानते हुए धान सहित पिकअप वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया। जब्त वाहन एवं धान को थाना बकावंड के सुपुर्द किया गया है।



**खबर संक्षेप**

## राजस्व वसूली के लिए चला विशेष अभियान



**फरसगांव।** नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा निकायों में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक बुधवार को विशेष वसूली अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयंक कुमार बसंतवानी के नेतृत्व में बुधवार को राजस्व वसूली टीम के साथ विशेष वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पंचायत की टीम ने डोर-टू-डोर अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में पहुंचे और घरों से समेकित कर, संपत्ति कर एवं जल कर की वसूली की गई। उन्होंने बताया कि बड़े बकायादारों एवं दुकानदारों की सूची तैयार कर उसी के अनुरूप सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है।

## कांग्रेस ने मानिकपुरी को बनाया शहर अध्यक्ष



**नारायणपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ व सक्रिय नेता रघु मानिकपुरी को नारायणपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस निर्णय के बाद जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। श्री मानिकपुरी लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहकर पार्टी के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे हैं। उनके कार्यकाल में कांग्रेस को कई बड़ी राजनीतिक सफलताएँ मिली हैं। विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर कई प्रभावी आंदोलन किए हैं, जिनमें उग्र आंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं सरकारी कार्यालयों का घेराव प्रमुख रहा है। प्रत्येक कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भागीदारी और संगठन के प्रति समर्पण सराहनीय रहा है। चुने जाने के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस तथा संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने भरोसा जताया है। कांग्रेस सदैव जनता के साथ खड़ी है और जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार है। यदि प्रशासन की किसी भी अनियमितता से जिले की जनता को परेशानी होती है, तो कांग्रेस उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को खुलकर रखा है। इन सभी मुद्दों पर संगठनात्मक चर्चा के बाद सरकार और प्रशासन के समक्ष मांग रखी जाएगी, ताकि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

## दो छात्राएं बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए गोरखपुर रवाना

**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की होनहार छात्राएं चांदनी एवं मोना दुग्गा का चयन पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दोनों खिलाड़ी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर की महिला बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। चांदनी एवं मोना का चयन 23 से 24 दिसम्बर को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। प्रतियोगिता में उत्तर एवं दक्षिण बस्तर सेक्टर के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया। पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 जनवरी तक दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर उत्तरप्रदेश में किया जाएगा। जिसमें पूर्वी जोन की लगभग 40 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता से पहले चयनित खिलाड़ियों के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया है।

# नगर पालिका कोंडागांव में डोर-टू-डोर कर वसूली अभियान हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद प्रत्येक बुधवार को विशेष कर वसूली अभियान चलाया जा रहा है, ताकि निकाय की शत–प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दिनेश डे ने स्वयं मैदान में उतरकर राजस्व वसूली टीम के साथ डोर–टू–डोर अभियान की कमान संभाली।

सीएमओ दिनेश डे ने आवासीय क्षेत्रों में पहुंचकर समेकित कर, संपत्ति कर और जल शुल्क की वसूली करवाई। साथ ही बाजार क्षेत्रें में दुकानों से किराया और प्रीमियम शुल्क की वसूली की गई। अभियान के दौरान कर बकाया रखने वालों को मौके पर ही भुगतान के लिए प्रेरित किया गया। सीएमओ ने बताया कि बड़े बकायादारों और दुकानदारों की सूची तैयार की गई है और उसी के आधार पर वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जिन दुकानों का किराया व प्रीमियम लंबे समय से बकाया है, उनके विरुद्ध दुकान निरस्तीकरण कैंसिलेशन की कार्रवाई भी प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब बकाया रखने वालों को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी। सीएमओ ने नगरवासियों से अपील की कि वे घर और दुकानों से निकलने वाला कचरा स्वच्छता दीदी को ही सौंपें और यूजर चार्ज स्वच्छता शुल्क का नियमित भुगतान करें। उन्होंने कहा कि कर भुगतान के साथ–साथ स्वच्छता में सहयोग भी नगर के विकास के लिए जरूरी है।

**नगर पालिका का लक्ष्य-शतप्रतिशत राजस्व संग्रह, बड़े बकायादारों पर कार्रवाई**

### लगभग 4 करोड़ रुपये की कुल डिमांड

सीएमओ दिनेश डे ने जानकारी दी कि कोंडागांव नगर पालिका की कुल डिमांड लगभग 4 करोड़ रुपये है, जिसमें संपत्ति कर, जल शुल्क, दुकान किराया, प्रीमियम और डोर–टू–डोर यूजर चार्ज शामिल हैं। इस पूरी राशि की वसूली के लिए चरणबद्ध और सख्त अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के सभी कर बिल भी घरों और दुकानों तक वितरित कर दिए गए हैं, ताकि नागरिक समय पर भुगतान कर सकें और किसी प्रकार की पेनल्टी से बचें।



### नगरवासियों से मांगा गया सहयोग

सीएमओ ने नागरिकों से अपील की कि वे करों का समय पर भुगतान कर नगर के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि कर से प्राप्त राशि का उपयोग सड़क, सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुधार में किया जाएगा। नगर पालिका का स्पष्ट लक्ष्य है— कर जमा करें, शहर संवारें और कोंडागांव को स्वच्छ–सुंदर बनाने में सहयोग दें।

### योजनाओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के दिए सख्त निर्देश

# प्रभारी मंत्री देवांगन ने ली जिले के सभी विभागों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्य कर एवं श्रम विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सभी विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

प्रभारी मंत्री ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की स्थिति, पंजीकृत किसानों, विक्रय कर चुके एवं शेष किसानों की जानकारी ली। शेष किसानों का डाटा राज्य शासन को भेजने तथा धान उठाव समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों, राशन वितरण एवं ई–केवाईसी की भी समीक्षा की गई। कृषि विभाग से किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना एवं नए पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली गई। बिजली विभाग को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने तथा लो–वोल्टेज समस्या के निराकरण के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण एवं कुपोषण निवारण कार्यों पर चर्चा हुई।

- जिला कार्यालय सभाकक्ष में हुई समीक्षा बैठक

**जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे उपस्थित –** बैठक में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, नंदलाल राठौर सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य, शिक्षा व आदिवासी विभाग की प्रगति की समीक्षा

स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड एवं मलेरिया उन्मूलन अभियान की जानकारी ली गई। शिक्षा विभाग को अपार आईडी, बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परिणाम, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। आदिवासी विभाग से छात्रवासों एवं निर्माणाधीन भवनों की प्रगति की समीक्षा की गई। समाज कल्याण विभाग को पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय पर आवास पूर्ण कराने, मनरेगा में मजदूरी भुगतान एवं एनआरएलएम अंतर्गत समूहों की आजीविका गतिविधियों एवं बीमा कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कांकेर सांसद भोजराज नाग ने एनआरएलएम बीमा योजनाओं के व्यापक प्रचार पर जोर दिया।

### निर्माण कार्यों व जल जीवन मिशन पर सख्ती

नेशनल हाईवे सहित अन्य निर्माण कार्योंर् की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के कार्य समय पर प्रारंभ न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश भी प्रभारी मंत्री ने दिए।

# शहर के युवाओं को पुड़िया में गांजा बेचने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में अवैध नशा, जुआ–सट्टा और तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और ए स डी ओ पी के श का ल अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना केशकाल पुलिस ने गांजा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। 13 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि हर्राпडाव, केशकाल निवासी धनंजय पाण्डे अपने घर में छोटे–छोटे पुड़िया बनाकर गांजा बेचने के लिए छिपाकर रखे हुए है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर आरोपी के घर पर घेराबंदी कर तलाशी ली गई।

- केशकाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई 1.7 किलो गांजा जब्त

तलाशी के दौरान रसोई कक्ष में एक केरी बैग से एक बड़ा पारदर्शी पैकेट लूज गांजा 05 नग छोटे पेपर में बने पुड़िया कुल 1.710 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसे मौके पर जप्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी धनंजय पाण्डे उम्र 55 वर्ष पिता स्व. उर्धव पाण्डे, निवासी हर्रापडाव, केशकाल को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू की है।

**इनकी रही अहम भूमिका –** कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, स.उ.नि. अनिता मेश्राम, प्रधान आरक्षक महेश्वरी शाडिल्य, आरक्षक मनोहर निषाद, अमित मंडावी, महिला आरक्षक उर्मिला मरकाम एवं सोनल यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# टोकन नहीं कटने से किसान परेशान एसडीएम को दिया गया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

क्षेत्र के किसान टोकन नहीं काटने से परेशान हैं। किसान टोकन कटवाने हर दिन केंद्र के चक्कर काट रहे है। तुंहर टोकन एप में ऑनलाइन टोकन नहीं कट रहा है। किसानों द्वारा एप में ऑनलाइन टोकन काटने पर नहीं कट रहा है, 31 जनवरी तक लिमिट फुल बता रहा है। किसान ने कहा कि करीब एक सप्ताह से टोकन नहीं कट पा रहा है। हर दिन अलग अलग क्षेत्र के किसान टोकन कटवाने केंद्र के चक्कर काट रहे हैं। गुरुवार को टोकन नहीं काटने से नाराज किसानों ने अपनी समस्या के समाधान एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम को आवेदन दिया है। किसानों का कहना है कि टोकन काटा जाए और लिमिट भी बढ़ाया जाए, ताकि किसानों समय रहते अपना धान को बेच सके।

### जनपद स्तरीय बस्तर पंडुम स्पर्धा का हुआ शुभारम्भ



**फरसगांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आदिवासी परंपराओं, लोककलाओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बस्तर अंचल की लोकसंस्कृति को मंच प्रदान करने समृद्ध जनजातीय कला, संस्कृति एवं लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बस्तर पंडुम 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कोंडागांव जिले में बस्तर पंडुम 2026 का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। जिसके तहत गुरुवार को जपं परिसर में दो दिवसीय जनपद स्तरीय बस्तर पंडुम प्रतियोगिता का जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में जिले की 12 प्रमुख पारंपरिक विधाओं से जुड़े कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय लोकनृत्य, लोकगीत, वाद्ययंत्र, नाट्य एवं अन्य पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन देना है।

# कलेक्टर ने किया विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को प्रातः 10 बजे जिला कार्यालय परिसर स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयीन कार्यप्रणाली, साफ–सफाई, फाइल प्रबंधन एवं रख–रखाव की स्थिति का अवलोकन किया। कुछ कार्यालयों में पाई गई कमियों पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए तथा लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से प्रातः 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें। विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करें।

- समयपालन, उपस्थिति व कार्यालयीन व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

**कार्यालयों में स्वच्छता व सुव्यवस्था पर जोर –** कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने–अपने कार्यालयों में स्वच्छता, साज–सज्जा एवं सुव्यवस्थित कार्य वातावरण बनाए रखें, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

# शांति और कानून व्यवस्था मजबूत करने पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

पुलिस ने क्षेत्र में शांति, कानून तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से आज फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च हाईस्कूल ग्राउंड से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक, बंधवा तालाब, बखरूपरा, जगदीश मंदिर, बुधवार बाजार पारा, सोनपुर रोड, चांदनी चौक से गुजरा। इसके बाद पुनः हाईस्कूल ग्राउंड में पहुंचकर संपन्न हुआ।

- यातायात नियमों के अनुपालन के लिए आम नागरिकों को समझाइश
- अवैध अतिक्रमण एवं पार्किंग के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन ने स्वयं उपस्थित रहकर आम नागरिकों को शांति व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा सार्वजनिक मार्गों को बाधामुक्त रखने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी दोपहिया वाहन चालकों एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वालों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गों पर अवैध रूप से वाहन पार्क करने वालों को भी सख्त हिदायत दी गई। आगामी दिनों में अवैध पार्किंग एवं यातायात बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नगर क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु संबंधित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया।



### पुलिस का सहयोग करें नागरिक

नारायणपुर पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि सहयोग करें। कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहभागी बनें तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुड़िया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अनुविभागीय दंडाधिकारी अभ्यजीत मांडवी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लोकेश बंसल, उप पुलिस अधीक्षक आशीष नेताम, रक्षित निरीक्षक मोहसिन खान, निरीक्षक मुकेश पटेल सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।

**घोड़ागांव हाईस्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रेरक व्याख्यान**

# युवाओं के सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



स्वामी विवेकानंद जयंती पर शासकीय हाईस्कूल घोड़ागांव में सोसायटी फॉर इम्पावरमेंट के सहयोग से प्रेरक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विषय युवाओं का सशक्तिकरण स्वामी विवेकानंद का दृष्टिकोण रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डी.डी. पांडे ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र कवि मानव वैज्ञानिक, साहित्यकार एवं उपसचिव राजभवन ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए प्रभावशाली उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि सही दिशा और सकारात्मक सोच से युवा समाज और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। डॉ. कवि के प्रेरक विचारों से विद्यार्थियों में देशभक्ति, आत्मबल और नेतृत्व क्षमता की भावना और अधिक प्रबल हुई। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समापन अवसर पर विद्यार्थियों को बिस्किट वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से श्री संताप कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

**निबंध प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने लिया भाग –** कार्यक्रम के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान दुबेराम कश्यप, द्वितीय स्थान किशन नेताम, तृतीय स्थान नरसिंह बघेल विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में श्रीमती जया मिश्रा, श्रीमती बिलास पटेल, श्रीमती आशा सिदार, श्रीमती गोदावरी साहू, श्रीमती शशिकला मण्डावी एवं हरराम पटेल का विशेष सहयोग रहा। सहयोग देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

## पेज 7 के शेष

### लोक संस्कृति के...

ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थित अतिथि और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अपनी जड़ों और परंपराओं को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं, जो नई पीढ़ी को अपनी विरासत पर गर्व करना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों का मूल उद्देश्य हमारे तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा और रीति-रिवाजों को संरक्षित करना है। आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता की दौड़ में अपनी जड़ों को न भूले, इसलिए शासन ने यह मंच तैयार किया है। हमारे कलाकारों के हुनर में वह जादू है जो दुनिया को आकर्षित करता है। हमें इस विरासत को सहेजकर अगली पीढ़ी को सौंपना होगा।

### हिंसा का रास्ता...

उत्सव है बल्कि यह सामाजिक पुनर्निर्माण और विश्वास की बहाली का सशक्त प्रतीक भी है। एसपी ने कहा कि अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का उद्देश्य क्षेत्र में स्थायी शांति, समावेशी विकास और युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। देश-विदेश से आने वाले धावकों की भागीदारी इस संदेश को वैश्विक मंच पर सुदृढ़ करेगी कि अबूझमाड़ बदलाव की राह पर अग्रसर है। प्रशासन द्वारा आयोजन की सभी तैयारियाँ सुव्यवस्थित रूप से की जा रही हैं ताकि प्रतिभागियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जा सके।

### मौसम की मार...

सीमांत किसान इस समस्या से प्रभावित हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। किसानों ने बताया कि कई किसानों ने खेती के लिए बैंक से केसीसी के माध्यम से ऋण लिया है। धान की बिक्री न हो पाने के कारण वे न तो अपना ऋण चुका पा रहे हैं और ना ही आगामी फसल की तैयारी कर पा रहे हैं। टोकन न कटने की समस्या के चलते किसान लगातार समितियों और कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। इस वर्ष मौसम की मार, धान कटाई में देरी, परिवहन की समस्याएं, सर्वर की तकनीकी खराबी और ऑनलाइन टोकन व्यवस्था में अव्यवस्थाओं के कारण समय पर धान खरीदी नहीं हो सकी। कई स्थानों पर टोकन कटने में अत्यधिक देरी हुई, जिसके कारण किसान निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी फसल बेचने से वंचित रह गए। यदि शीघ्र धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाई गई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इस अवसर पर इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, सुभाष कश्यप, लक्ष्मण बघेल, पूरन सिंह कश्यप, गोवर्धन बघेल, मोहन बघेल, जयराम बघेल, मनीराम बघेल, वासुदेव बघेल, जगदू राम कश्यप, दिनेश मौर्य सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### संभागस्तरीय युवा...

परचम लहराया। प्रतियोगिता का परिणाम काफी रोमांचक रहा, जहां सुकमा जिले ने कोण्डागांव को कड़ी टक्कर दी। सुकमा के युवाओं ने अपनी तार्किक क्षमता के बल पर उपविजेता द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं कांकेर जिले ने तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। इस आयोजन में बस्तर संभाग के सभी सात जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, कांकेर और कोण्डागांव के 40-40 प्रतिभागियों के दल ने हिस्सा लिया। कुल 280 युवाओं ने संसद की कार्यवाही, प्रश्नकाल और विधायी प्रक्रियाओं को मंच पर बखूबी उतारा। प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेष निर्णायक मंडल का गठन किया गया था, जिसमें डॉ. सोनाली कर, डॉ. चेतना पद्माक्षी ठाकुर, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. रेशमा कौशल और डॉ. विनीता पाण्डेय शामिल थीं। निर्णायकों ने संसदीय भाषा, अनुशासन और विषय की समझ के आधार पर अपना निर्णय दिया।

### कुरंदी में निर्माणाधीन...

को कम किया जा सके। इसके तहत ड्राइवरों को अच्छी ड्राइविंग आदतें सिखाई जाएंगी। ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा। साथ ही परिवहन क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी होंगे। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, अच्छी ड्राइविंग आदतें विकसित करना और ड्राइवरों के कौशल का परीक्षण किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक कर...

मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे के अलावा विशिष्ट अतिथि निगम सभापति खेमसिंह देवांगन व शहर के गणमान्य नागरिक, पर्यटक तथा आम लोगों के अलावा ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन, एएसआई यतेंद्र देवांगन, सुदर्शन दुबे व यातायात अमले के लोग भारी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने सड़क सुरक्षा व दुर्घटना के रोकथाम तथा बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिए। इस दौरान यातायात नियमों पर आधारित नुक्कड़ नाटक को देखा कि किस प्रकार यातायात नियमों की अनदेखी व उपेक्षा करने से नुकसान उठाना पड़ता है। बताया गया कि नशे की स्थिति, ओवर स्पीड, ओवर टेक करते हुए लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से सड़क दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। मौके पर उपस्थित सभी ने ट्रैफिक नियमों का हमेशा पालन करना एवं नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने के बात कही। डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य, लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करना।

**खबर संक्षेप**

## जिला कोषालय में शिविर 28 से 30 जनवरी तक

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय वरिष्ठ कोषालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा जिला कोषालय दंतेवाड़ा में जीपीएफ से संबंधित लंबित प्रकरणों जैसे अनपोस्ट क्रेडिट एवं अनपोस्ट डेबिट, माइनस बैलेंस तथा पूर्ण, आंशिक वांट वाउचर के निराकरण हेतु 28 जनवरी से 30 जनवरी तक तीन दिवसीय शिविर का आयोजन जिला कोषालय दंतेवाड़ा में किया जाएगा।

## धान खरीदी में तेजी लाने सख्त निर्देश

**बीजापुर।** मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आज राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लेकर धान उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव त्वरित गति से कराया जाए, ताकि अंतिम दिवस में किसी भी केंद्र पर जाम की स्थिति निर्मित न हो। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि राज्य में धान की खरीदी 30 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाए तथा 31 जनवरी तक समस्त उपार्जित धान का काटा कराकर शाम 7 बजे तक समिति मॉड्यूल में इंट्री सुनिश्चित की जाए।

**निधन**

### जय प्रकाश तिवारी



**भोण्ड।** नगर पंचायत बस्तर बाबा भैरम देव वार्ड 3 निवासी स्व. जय प्रकाश तिवारी (रमू महाराज) उम्र 72 का 15 जनवरी को सायं 5:45 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम जगदलपुर में 16 जनवरी को किया जाएगा। वे मणिशंकर तिवारी व राधे तिवारी के छोटे भाई तथा सत्येंद्र तिवारी, गट्टू तिवारी, जितेंद्र तिवारी एवं भृगु तिवारी के चाचा थे।

# मांगों को लेकर ब्लॉक में शैक्षणिक तालाबंदी कल : नितिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो रहा है।

- सहायक शिक्षक फेडरेशन ने 4 सूत्रीय मांगों पर आंदोलन का दिया ज्ञापन

इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक इकाई गीदम ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।



गीदम ब्लॉक अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा ने कहा कि वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देना हमारी कोई नई मांग नहीं है, बल्कि यह शिक्षकों का संवैधानिक अधिकार है। चुनाव से पूर्व भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत जो वादे किए थे, वे आज भी अधूरे हैं।

छत्तीसगढ़ शासन की वादाखिलाफी से प्रदेश का सहायक शिक्षक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का प्रांतीय सलाहकार तिरपरेश चापड़ी ने बताया कि फेडरेशन की प्रमुख 4 सूत्रीय मांगें हैं। इसमें सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, पूर्व की सेवा की गणना करते हुए एलबी संवर्ग को समस्त सेवा लाभ देने। वीएसके एप की अनिवार्यता निजी मोबाइल पर समाप्त कर विभाग द्वारा पृथक से डिवाइस देने, पूर्व से नियुक्त शिक्षकों पर टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग शामिल है। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि 17 जनवरी को गीदम ब्लॉक के सभी शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। पूरे गीदम ब्लॉक में शैक्षणिक तालाबंदी की जाएगी। शिक्षकों का कहना है कि यह आंदोलन सरकार के लिए एक अंतिम संदेश है। यदि संकल्प पत्र के वादे पूरे नहीं हुए, तो आने वाले समय में आंदोलन को और भी उग्र और व्यापक बनाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष देवलाल पांडे, ब्लॉक सचिव सुरेश गुप्त, जिला उपाध्यक्ष शिवराम नाग, भैयालाल मरकाम, मंजू राठौर, सविता हपका, प्रमिला दर्रो शिल्पा चौहान, मंजुलता नेताम, कलेश कोर्राम, सोमेश्वर कारते, अविनाश कंवर, पवन सिंहा के साथ अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

### भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की भेंट

# पोलावरम को लेकर कलेक्टर के समक्ष जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



सुकमा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया तथा जिला पंचायत सदस्य हूंगा राम मरकाम व पूर्व जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सुकमा जिले के कलेक्टर अमित कुमार से पुष्प गुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें जिले से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं जनहित के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

- विस्थापन, धान उठाव व छठ पूजा विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा

मुलाकात के दौरान सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने कोंटा विकासखंड अंतर्गत पोलावरम बहुउद्देशीय परियोजना से प्रभावित विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, मुआवजा एवं विस्थापन से जुड़ी समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष गंभीरता से रखा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रभावित परिवार मूलभूत सुविधाओं एवं स्थायी पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। इस विषय पर शीघ्र ठोस कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि शासन के मंशानुरूप सर्वे कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

इसी क्रम में जिला पंचायत सदस्य हूंगा राम मरकाम ने विकासखंड छिंदगढ़ के गुड़रा धान संग्रहण केंद्र में धान उठाव में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि धान का समय पर उठाव नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा बारिश के कारण फसल खराब होने की आशंका भी बनी हुई है। उन्होंने किसानों के हित में शीघ्र समाधान की मांग की।

इसके अलावा वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद कांता राठी ने आगामी छठ पूजा पर्व के सफल आयोजन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा एवं घाटों की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया। पार्षद ने कहा कि सुकमा जिला मुख्यालय में हर माह कुछ न कुछ बड़े आयोजन शबरी घाट पर होते रहते है। खासकर छठ पूजा, कार्तिक पूर्णिमा, गणेश दुर्गा विसर्जन जैसे आयोजनों में सैकड़ों की तादाद में भक्तजनों का जमावड़ा होता है। जिस पर कलेक्टर श्री अमित कुमार ने इस पर जल्द कार्यादेश देने की बात कही।

कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल द्वारा रखे गए सभी विषयों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देकर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनहित के मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाधान सुनिश्चित करेगा।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान होने से क्षेत्र के नागरिकों, किसानों एवं विस्थापित परिवारों को राहत मिलेगी इस अवसर पर पूर्व जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद कांता राठी भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार कश्यप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार श्रीवाने, कोया समाज के जिला अध्यक्ष विष्णु कवासी सहित प्रतिनिधि सरपंच उपस्थित हुए।

**सीईओ ने बारसूर क्षेत्र का किया दौरा**

# विकास कार्यों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा ने बारसूर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

दौरे के दौरान ग्राम पंचायत हितामेटा में हाईवे से लगे शौचालय, व्यावसायिक परिसर एवं प्रारंभ प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पीएम आवास के हितग्राहियों को शीघ्र आवास प्रारम्भ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मनरेगा योजना अंतर्गत आवास हितग्राहियों को स्वीकृत सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात बारसूर में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु निर्माणाधीन टूरिस्ट कॉटेज एवं जिप लाइन कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिला सीईओ ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा पर्यटन सुविधाओं को बेहतर ढंग से विकसित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत गीदम, सीएमओ बारसूर, उप अभियंता पीडब्ल्यूडी, पीओ मनरेगा एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। जिला सीईओ ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# विधायक ने स्वेच्छानुदान राशि का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कार्यालय जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में आज विधायक चैतराम अटामी ने भ्रमण के दौरान प्राप्त मांगों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया। उल्लेखनीय है कि स्वेच्छानुदान राशि शासन द्वारा विशेष परिस्थितियों में जरूरतमंद नागरिकों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता है, जिसका उद्देश्य बीमारी, उपचार, आपदा अथवा अन्य सामाजिक-आर्थिक संकट की स्थिति में आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना है। इस सहायता से ग्रामीण परिवारों को तत्काल सहयोग प्राप्त होता है।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दंतेवाड़ा प्रदीप पटेल सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। विधायक अटामी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि ग्रामीण एवं जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध हो, जिससे उन्हें कठिन परिस्थितियों में संबल मिल सके।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री रामू राम नेताम, मंडल भास्कर, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अब हड्डी से जुड़ी सर्जरी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा



**दंतेवाड़ा।** जिला अस्पताल दंतेवाड़ा ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए पहली बार एडवांस्ड टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह सफलता दंतेवाड़ा अंचल की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस सर्जरी की लाभार्थी 45 वर्षीय विकासखंड कुआकोंडा महारापारा की निवासी शांति है। जो लंबे समय से दाएं घुटने के गंभीर दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई से पीड़ित थीं। जांच में उन्हें गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से ग्रसित पाया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 13 जनवरी को उनका दाएं घुटने का टोटल नी रिप्लेसमेंट ऑपरेशन किया गया, जो पूर्णतः सफल रहा।



## एनएमडीसी में नवां खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

बैलाडीला आयरन ओर माइंस बचेली कॉम्प्लेक्स में नवां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2025-26 भारतीय खान ब्यूरो रायपुर के तत्वाधान में 10 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में मनाया गया। नवें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का समापन समारोह 11 जनवरी को मायरा रिसॉर्ट एंड कन्वेंशन सेंटर, रायपुर में भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के तत्वाधान में किया गया। आयोजन के दौरान पुरस्कारों की घोषणा की गयी, जिसमें बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स ने ए-1 खानों की श्रेणी में निम्नलिखित पुरस्कार जीते हैं, जिसमें अपशिष्ठ प्रबंधन प्रथम, व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास द्वितीय, पर्यावरण निगरानी द्वितीय व जिम्मेदार खनन सतत विकास की ओर एक कदम तृतीय।

बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन टी. शिवा कुमार के नेतृत्व में खनन, प्रशिक्षण सुरक्षा एवं पर्यावरण, सिविल एवं भूगर्भ विज्ञान विभाग के अधिकारियों द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया। पुरस्कार वितरण भारतीय खान विभाग ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा किया गया।

# शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



शिक्षक एलबी संवर्ग की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर 14 जनवरी को सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष महेश यालम के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर सहायक शिक्षक से प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला पद पर हुई पदोन्नति को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया।

- पदोन्नति पर पुष्पगुच्छ भेंट कर जताया आभार

प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी का ध्यान शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं की ओर आकर्षित कराया। ज्ञापन में मांग की गई कि सहायक शिक्षक से प्रधान अध्यापक प्राशा पद पर पदोन्नत शिक्षकों के नाम वरिष्ठता सूची से विलोपित करते हुए शेष पात्र सहायक शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाए तथा वर्ष 2025 की वरिष्ठता सूची के अनुसार प्रस्ताव संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर को प्रेषित किया जाए।

इसके साथ ही जिले में संचालित माध्यमिक शालाओं में स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने, वर्षों से बंद प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को चिन्हांकित कर शीघ्र पुनः प्रारंभ करते हुए पदोन्नति देने, गैर-शिक्षकीय कार्यों पर रोक लगाने एवं ऑनलाइन कार्यों पर निर्भरता कम करने की मांग की गई। ज्ञापन में नेटवर्क विहीन विद्यालयों में वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने, शिविर आयोजित कर जिले के शिक्षकों की सेवा पुस्तिका का सत्यापन कराने, शिक्षकीय अथवा गैर-शिक्षकीय कार्यों को लेकर वेतन रोकने की कार्रवाई न करने तथा बालबाड़ी प्रशिक्षण की तिथि आगे बढ़ाकर शैक्षणिक दिवसों में ही ब्लॉक मुख्यालय में प्रशिक्षण आयोजित करने की भी मांग रखी गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी मांगों व समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला संयोजक राकेश गिरी, जिला उपाध्यक्ष नागेश गोरला, जिला सचिव रमन झा, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चापड़ी, जिला आईटी सेल अध्यक्ष मोहसिन खान, ब्लॉक अध्यक्ष भोपालपटनम सुरेश राव गोटा, ब्लॉक उपाध्यक्ष बीजापुर राजेन्द्र ठाकुर, बीरा राम चन्द्रम, दिनेश कोलमूल, हितेंद्र दुर्गम सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर




बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा उन्हें समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि बीजापुर जिले में शांति स्थापना के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने नियद नेल्लानार योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। सांसद ने स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति, टीबी मरीजों की समुचित देखरेख, आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण, सिकल सेल एवं एनीमिया जांच की प्रगति की समीक्षा की। कृषि एवं आजीविका के क्षेत्र में सांसद ने परंपरागत खेती के साथ मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की प्रगति पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन एवं विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से देने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रखा, जिस पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, विभिन्न जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, दिशा समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद ने विश्वास व्यक्त किया कि 31 मार्च 2026 तक बस्तर अंचल से नक्सलवाद का पूर्णतः समापन होगा और क्षेत्र शांति, सुरक्षा एवं विकास की नई मिसाल बनेगा।

# बस्तर की विलुप्त प्रजाति के वनौषधियों की लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी



ब्लाक स्तरीय बस्तर पण्डुम कार्यक्रम में सिरहा, गुनिया, बैगा पारम्परिक वनौषधि वैद्य द्वारा बस्तर की विलुप्त प्रजाति के वनौषधियों का प्रदर्शनी कोंडागांव में लगाई गई। प्रदर्शनी को देखने समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं शासकीय कर्मचारी, अधिकारियों ने कतारबद्ध खड़े होकर वनौषधियों के गुण दोष की जानकारी ली। छत्तीसगढ़ पादप बोर्ड पारम्परिक वनौषधि वैद्य सकरू कोर्राम ने अपने अनुभवों के साथ वनौषधि का उपयोग कब और कैसे करें यह जानकारी दी और उन्होंने पारम्परिक वनौषधि के साथ वनों को संरक्षित करने की सलाह भी दी। वन है तो वनौषधि बचेगा और संरक्षित होगा। संभागीय सचिव गणेश मण्डावी ने वनौषधियों के उपयोग के साथ उसकी वैज्ञानिक और बॉटनिकल नाम को विस्तार से बताया। लोगों ने सिरहा गुनिया बैगा पारम्परिक वनौषधि वैद्य के द्वारा बताई वैज्ञानिक तथ्यात्मक जानकारी को सुनकर अचंभित रह गये। संगठन अध्यक्ष प्रेम सागर पंत ने आने वाली नई पीढ़ी को वनौषधियों की अधिक जानकारी के लिए बस्तर में आधुनिक प्रयोग शाला और महाविद्यालय में वनौषधिआधारीत पाठ्यक्रम को जोड़ने हेतु बात रखी। उक्त जनकारी मीडिया प्रभारी गोपाल मल्ल के द्वारा दी गई।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /क/ब 121/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका लच्छनी गौतम पिता/पति जुगधर गौतम जाति भतरा निवासी ग्राम पिपलावण्ड द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री/माता/ स्व. रमनी कश्यप पिता/पति शिवराम कश्यप की माता/पिता बुधू कश्यप मृत्यु दिनांक 06/03/2011 को ग्राम पिपलावण्ड में होना बताते हुए मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 30/01/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का पदयात्रा राजनीतिक ड्रामा : रैतुराम

जगदलपुर। भाजपा मंत्री रैतुराम बघेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली जा रही मनरेगा बचाओ पदयात्रा को राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिनके



शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और लूट का पर्याय बन चुका था, उन्हें आज इस योजना की याद आना अपने आप में एक बड़ा सवाल है। कांग्रेस के शासन में फर्जी जॉब कार्ड, कागजों में काम और जमीनी स्तर पर अधूरे व घटिया निर्माण आम बात थी। मजदूरों को महीनों तक भुगतान नहीं मिलता था और पंचायतों व दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर रहते थे। उन्होंने कहा कि उस दौर में असली लाभार्थी मजदूर नहीं बल्कि बिचौलिए, ठेकेदार और कांग्रेस से जुड़े लोग हुआ करते थे। यही कांग्रेस की असली पहचान है, जिसे जनता अच्छी तरह जान चुकी है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को मजबूत करने का काम नारेबाजी और पदयात्राओं से नहीं, बल्कि नीति और नीयत से होता है, और यह काम आज सरकार कर रही है। रैतु राम ने कहा कि वर्तमान में मनरेगा में व्यापक सुधार हुए हैं। मजदूरी सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर हो रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका लगभग समाप्त हो चुकी है। जियो-टैगिंग, ऑनलाइन मॉनिटरिंग और डिजिटल भुगतान जैसी तकनीकों के माध्यम से पूरी व्यवस्था पारदर्शिता बनी है। पंचायतों को जवाबदेह और मजबूत किया गया है, ताकि वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक मनरेगा को लूट का साधन बनाया, वही आज मनरेगा बचाओ का ढोंग कर रहे हैं। यह पदयात्रा केवल राजनीतिक जमीन बचाने की कोशिश है।

### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए दिलाई शपथ

कांकेर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प लिया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अवसर पर भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार 2 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक 100 दिनों तक बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 15 जनवरी को पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा द्वारा अन्य राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाया गया।

# संभाग में बिछेगा सड़कों का जाल, 360 करोड़ से 2 रोड का होगा चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। संभाग के अंदरूनी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं, जिसमें केन्द्रीय सड़क निधी से 360 करोड़ रुपये के आसपास की लागत से दो प्रमुख सड़कों दंतेवाड़ा से सुकमा और कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर तक सिंगल सड़क को चौड़ीकरण 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। जिससे दुर्गम इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके और विकास को बढ़ावा मिले और स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इन सड़कों के निर्माण से बस्तर के दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन आसान होगा। क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, इसे बस्तर के विकास के लिए कदम बताया जा रहा है। सड़कों के निर्माण से सुदूर एवं पिछड़े ग्रामों की मुख्य सड़कों से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार तथा अन्य सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

## दंतेवाड़ा से सुकमा व कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर तक सिंगल सड़क होगा 10 मीटर चौड़ा

- दुर्गम इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके और विकास को मिलेगा बढ़ावा



### केन्द्रीय सड़क निधि से मिली स्वीकृति

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा-सुकमा 63 किमी, लागत 230 करोड़ एवं कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर 48 किमी 130 करोड़ रूपए लागत से 10 मीटर चौड़ीकरण किया जाएगा। केन्द्रीय सड़क निधि से स्वीकृति मिली है, इसका टेंडर होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## वन मंत्री केदार कश्यप ने दी 3.46 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# सिंचाई, सड़क और सशक्त पंचायत से बदलेगी बस्तर की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- तुरपुरा जलाशय के जीर्णोद्धार से खेतों तक पहुंचेगा पानी



नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की अविरल धारा को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्रीय विधायक और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने गुरुवार को बस्तर विकासखंड का सघन भ्रमण के दौरान तुरपुरा और कोटगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 3 करोड़ 46 लाख 28 हजार रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण जनता और किसानों को मिलेगा।

इस दौरे का मुख्य फोकस किसानों के लिए सिंचाई सुविधा का विस्तार रहा। वन मंत्री ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत तुरपुरा जलाशय के व्यापक जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया। लगभग 2 करोड़ 95 लाख 28 हजार रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य में जलाशय बांध के ऊपर गिट्टी कार्य, नवीन स्लूस, वेस्ट वियर कार्य और नहर लाइनिंग व स्ट्रक्चर निर्माण शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र की सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए कोटगढ़ में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन, मुण्डागुड़ा में 5 लाख रुपये के रंगमंच निर्माण और केशरपाल में उसरीगुड़ा से नहरनी पहुंच मार्ग पर 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया का भी भूमिपूजन किया गया।

वन मंत्री ने क्षेत्र के भ्रमण के दौरान नये कार्यों की आधारशिला रखने के साथ ही ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए 21 लाख रुपये की लागत से निर्मित पक्की सड़कों का लोकार्पण भी किया। इसमें कुम्हली में मंगियापारा से मुख्यमार्ग तक, केशरपाल (सोरगांव) में हिरा घर से भागमन घर तक और सोलेमेटा में अक्षय घर से पंचू घर तक बनी तीन अलग-अलग सीसी सड़कें शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक की लागत 7 लाख रुपये है। इस प्रकार मंत्री ने कुल 3 करोड़ 25 लाख 28 हजार रुपए लागत के नए कार्यों का भूमिपूजन और 21 लाख रुपये के पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी कटिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सार्थक प्रयास करने भरोसा दिलाया और इन योजनाओं के दूरगामी लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य केवल आधारशिला रखना नहीं, बल्कि समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण उपस्थित थे।

### खेती-किसानी को मिलेगा बढ़ावा

वन मंत्री ने क्षेत्र की सबसे बड़ी परियोजना 2.95 करोड़ रुपये की लागत वाले तुरपुरा जलाशय जीर्णोद्धार पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा बस्तर की आत्मा यहां के खेती-किसानी में बसती है। तुरपुरा जलाशय में नई स्लुइस गेट, वेस्ट वियर और नहरों की लाइनिंग का कार्य केवल कंक्रीट का निर्माण नहीं है, बल्कि यह इस क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के लिए जीवनदायिनी है। जब नहरें पक्की होंगी और अंतिम छोर के खेत तक भी पानी पहुंचेगा। इससे न केवल सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, बल्कि किसान साल में एक से अधिक फसल लेने में सक्षम होंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वहीं कुम्हली, केशरपाल और सोलेमेटा में 21 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी सड़कों के लोकार्पण पर उन्होंने कहा कि कुम्हली के मंगियापारा, सोलेमेटा के अक्षय घर और केशरपाल के अंदरूनी इलाकों तक पक्की सीसी सड़कें बनकर तैयार हैं। ये सड़कें न केवल आवागमन को आसान बनाएंगी, बल्कि मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और बच्चों को स्कूल जाने में सहूलियत होगी। कोटगढ़ में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन के भूमिपूजन के दौरान उन्होंने कहा कोटगढ़ में नवीन पंचायत भवन बनने से गांव के विकास की योजनाएं अब और बेहतर ढंग से बन सकेंगी।

# प्रतिभागियों को देख लगा जैसे मैं असली संसद में हूं : महेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- संभाग स्तरीय युवा संसद का सांसद ने किया शुभारम्भ

शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र परिसर स्थित ऑडिटोरियम में गुरुवार को संभाग स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने शिरकत की। उन्होंने युवाओं के संसदीय ज्ञान और प्रदर्शन की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, इन बच्चों को देखकर मुझे ऐसा आभास हुआ, जैसे मैं वास्तव में दिल्ली स्थित संसद भवन में बैठा हूं। संसद की कार्यवाही में कई प्रक्रियाएं होती हैं, जिनका निर्वहन इन युवाओं ने बहुत ही बेहतरीन ढंग से किया है। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की संसद बहुत ही महान है। यह देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। संसद भवन ही वह स्थान है जहाँ राष्ट्र के अत्यंत गंभीर और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और निर्णय होते हैं। ऐसे में युवा संसद जैसे कार्यक्रम भावी पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने का बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं। सांसद ने क्षेत्र के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि बस्तर में अब तेजी से परिवर्तन हो रहा है और यह परिवर्तन पूरी तरह से सकारात्मक है। उन्होंने युवाओं में जोश भरते हुए कहा, बस्तर के युवाओं में अपार प्रतिभा है। यह आपकी वह अवस्था है, जब आप अपनी ऊर्जा का सही उपयोग कर बस्तर का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपनी जिम्मेदारियों का भली-भांति निर्वहन करने का आह्वान किया।

इस आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक एचआर सोम, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ. आरएस नेताम और जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी युवा मौजूद रहे।

# कमाई की तुलना में रेलवे का खर्च काफी कम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- डीआरएम को ज्ञापन देकर मुक्ति मोर्चा ने रेल सुविधा बढ़ाने की मांग की



जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर विकास मुक्ति मोर्चा प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में बस्तर में रेल सुविधाओं के विस्तारीकरण एवं रोजगार के अवसर को बढ़ाने जैसे मुद्दों को लेकर डीआरएम को ज्ञापन सौपा गया है। उन्होंने मांगों एवं बस्तर में रेलवे विस्तारीकरण के मुद्दे को लेकर अपनी बातों को रखा एवं आवश्यक कार्यवाही की मांग की।

नवनीत ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में किरंदुल विशाखापट्टनम रेलवे ट्रैक पर पूर्वी तट रेलवे के वाल्टेयर डिविजन ने लौह अयस्क माल ढुलाई का नया रिकार्ड स्थापित किया है। भारत का पहला रेलवे जोन बन गया है जिसने 259.25 मिलियन टन से अधिक की रिकॉर्ड माल ढुलाई की है। यह बस्तर के लिए गौरवान्वित वाली बात है परंतु बस्तर की रेलवे सुविधाओं एवं यात्री ट्रेन में कमी और समय समय पर संचालित ट्रेनों का बाधित होना विशाखापट्टनम रेलवे जोन का बस्तर के रेलवे यात्री सुविधाओं में वृद्धि के प्रति निष्क्रियता को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि बस्तर के लोगों के साथ पक्षपात रवैया है। रेलवे जोन सलाहकार सदस्यों के समिति दौरा यात्री सेवा वृद्धि के विभिन्न मांगे को उठाया गया है परंतु आज पर्यन्त तक इन मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया है जिससे बस्तर वासियों में रोष व्याप्त है। इस दौरान मेहताब सिंह, हिमांशु आनंद, के आकाश जॉन, प्रिया यादव, अलका नादान, गायत्री ठाकुर, नीलांबर भद्रे, धन सिंह बघेल, कमल बघेल, संतु कश्यप पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रावघाट रेल लाइन तत्काल प्रारंभ हो

नवनीत ने कहा रावघाट रेलवे परियोजना का बजट 3513.11 करोड़ हो गया है। बस्तर को अन्य राज्यों से जोड़ने और जनजातीय क्षेत्रों को कनेक्टिविटी देने के लिए कोठागुडेम-किरंदुल और अन्य नई रेल लाइनों के निर्माण की मांग है, जिससे भविष्य में नई ट्रेनों के संचालन का रास्ता खुलेगा।

# चित्रकोट विधानसभा में 122 करोड़ के सड़कों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- विधायक की पहल से सभी 4 ब्लाक में गांव गांव तक बन रही सड़क

चित्रकोट विधानसभा के 4 ब्लाक बास्तानार, तोकापाल, दरभा और लोहंडीगुड़ा में लगभग 40 सड़कों के लिए 122 करोड़ 57 लाख की स्वीकृति मिली है। विधायक विनायक गोयल ने विशेष कर बास्तानार और दरभा ब्लाक के संवेदनशील पहुंचविहिन गांव तक सड़कों का जाल बिछाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। हरिभूमि से चर्चा में विधायक ने कहा कि बास्तानार ब्लाक में 6, तोकापाल ब्लाक में 6, दरभा ब्लाक में 5 और लोहंडीगुड़ा में 22 सड़कों के लिए लगभग सवा सौ करोड़ खर्च होंगे। इससे दुरस्थ अंचल के ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा होगी। कुछ क्षेत्र तो ऐसे है जहां पगडंडी और नदी नाले पहाड़ को पार कर लोग बड़े गांव और शहर तक पहुंच पाते है। इन 40 सड़कों के बन जाने के बाद पूरे विधानसभा क्षेत्र की आवागमन की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी। विधायक गोयल ने कहा कि विधायक बनने से पहले जब जिला पंचायत सदस्य के रूप में मेरा प्रवास ग्रामीण क्षेत्र में होता था तब ग्रामीणों को लंबी दूरी तक पैदल चलने और जर्जर सड़क से गुजरने पर होने वाले तकलीफों को देखकर परेशानी होती थी। इसलिए विधायक बनने के बाद मेरे मन में विचार आया कि हर गांव और शहर को एक दूसरे से जोड़कर लोगों को कम से कम दूरी पैदल तय करना पड़े और तकलीफ न हो। विधायक ने कहा कि मेरे प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने स्वीकृति देकर क्षेत्र की जनता को राहत दी है। उनके प्रति चित्रकोट विधानसभा की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने बताया बास्तानार ब्लाक में कोड़ेनार से सिलकझोड़ी



1.92 किमी लागत 2.11 करोड़, कोड़ेनार से कुमपारा 5.40 किमी लागत 5.55 करोड़, कुम्हारसाडरा रेलवे स्टेशन से धुरवास 3.21 किमी 3.41 करोड़, मुतनपाल से लालीपारा 5.23 किमी 5.11 करोड़, बड़े किलेपाल से कोड़ेनार 3.05 किमी 3.28 करोड़ तथा कोलापारा से बनाथपारा तक 3.60 किमी 4.01 करोड़ लागत है।

### तोकापाल ब्लाक में 6 सड़कें

विधायक ने बताया कि तोकापाल ब्लाक में 6 सड़कों की स्वीकृति मिली है। जिसमें भेझरीपाड़ा से पटेलपारा 2.04 किमी लागत 2.13 करोड़, सालेपाल से देवावारा 3.70 किमी 3.46 करोड़, करेंजी से पाड़ेरपारा 3.71 किमी 2.90 करोड़, सालेपाल से धुरवापारा 3 किमी 3.14 करोड़, एनएच 63 से पटेलपारा 3.13 किमी 3.02 करोड़ तथा मारेंगा बायपास से बादाम चौक 3.40 किमी लागत 3.33 करोड़।

### दरभा ब्लाक में 5 सड़कें

विधायक विनायक गोयल ने चित्रकोट विधानसभा के सर्वाधिक संवेदनशील ब्लाक दरभा में 5 सड़कों की स्वीकृति करवाई है। जिसमें दरभा से ककालगुर 4.50 किमी लागत 4.79 करोड़, कुरेंगा पारा से जलाघाट 4.63 किमी 4.81 करोड़, मावलीभाटा से डोडरेपाल 3.42 किमी 3.27 करोड़, डिलमिली से पटेलपारा 3.35 किमी 3.58 करोड़ तथा पखनार से महरापारा 5.89 किमी लागत 5.92 करोड़।

### लोहंडीगुड़ा ब्लाक में सर्वाधिक 22 सड़कें

विधायक ने चित्रकोट विधानसभा के सामान्य ब्लाक लोहंडीगुड़ा में सबसे ज्यादा 22 सड़कों की स्वीकृति कराई है । कुल 53.97 किमी की इन सड़कों की कुल लागत 55.78 करोड़ है। ये सड़कें है सुरगुड़ा से गार्डा, निम्बुपाड़ा से कुमपारा, कस्तुरपाल से पटेलपारा, गार्डा से कानापारा, भेझा से मुंडीपारा, बारसूर पल्ली से काचनार, सिलकजोड़ी से पुजारीपारा, छिंदगांव तरईगुड़ा, अलनार से पदमीपारा, कुटार से पटेलपारा, पालम से द्वारमुंडिया, काकनार से खैरगुड़ा, पल्ली से बोडली, पारापुर से आमागुड़ा, मारडुम से देवपारा, सुरगुड़ा से तोयर, धुरागांव से कोटवार पारा, गार्डा से जामपदर, सतसपुर से महारापारा, बाघनपाल से पटेलपारा तथा मिचनार से मारीगुड़ा तक सड़कों के प्रस्ताव पर शासन की स्वीकृति मिली है।

# रायपुर क्षेत्र बना पावर कंपनी क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता




हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- मैच में मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच रहे गुलशन




छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रायपुर रीजन की टीम विजेता रही, मडवा क्षेत्र की टीम उपविजेता रही। मैच में मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच गुलशन रंगारी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गौरव डोंगरे, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज लवनीत सिन्हा रहे। छह दिन से चल रहे छत्तीसगढ़ पावर कंपनी अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच कालीपुर स्थित मैदान में हुआ। इसमें कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार गुप्ता, प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, यूसुफ केरकट्टा, सुदीप खेस, नंद कुमार मांझी, अमर भगत, सेवानिवृत्त पीएन सिंह आदि अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने कहा फाइनल मैच के रोमांच ने दर्शकों को भी उत्साह से भर दिया।

### खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने कहा कि खेल में सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कर्मी पूरी ऊर्जा से खेल का प्रदर्शन किया हैं, यह दूसरों को बेहतर कार्य एवं खेल भावना के लिए प्रेरित करेगा।




